मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज फूंकेंगे सीसामऊ विधानसभा सीट पर उपचुनाव का बिगुल, जीआईसी मैदान में जनसभा

सौगातों के साथ होगा सीसामऊ का शंखनाद

तैयारी पूरी

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को 725 करोड़ की सौगातों के साथ सीसामऊ विधानसभा सीट पर उपचुनाव का शंखनाद भी करेंगे। जीआईसी मैदान में जनसभा के दौरान वह उपचुनाव का बिगुल फूंकेंगे। सीएम 3,1,039.22 लाख की योजनाओं का लोकार्पण और 41,493.89 लाख की 332 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

जीआईसी मैदान में भरा पानी : बुधवार को दिनभर रुक-रुककर हुई बारिश के बाद जीआईसी मैदान में पानी भर गया। नगर निगम और जलकल की टीम ने छोटी-छोटी नाली बनाकर पानी को निकाला। डीएम राकेश कुमार सिंह, नगर आयुक्त सुधीर कुमार और एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार ने जीआईसी मैदान का निरीक्षण कर जायजा लिया। सीएम के आगमन को देखते हुए वीआईपी रोड को चमकाने का काम देर रात तक चलता रहा।

साढ़े तीन घंटे शहर में रहेंगे सीएम : मुख्यमंत्री गुरुवार को साढ़े तीन घंटे तक शहर में रहेंगे। वह पुलिस लाइन के हेलीपैड पर सुबह 11 बजे उतरकर सीधे जीआईसी मैदान जाएंगे। वहां पर करीब 12:30 बजे तक रहकर मर्चेंट चेम्बर सभागार आ जाएंगे। वहां पर बैठक के बाद वह सरसैय्या घाट स्थित सभागार पहुंचेंगे।

15 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री देंगे नियुक्ति पत्र : सीएम सेवायोजन विभाग में पंजीकृत 1000 युवाओं को रोजगार का नियुक्ति पत्र देंगे। इनमें से 15 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री मंच पर नियुक्ति पत्र देंगे। 15 चयनित अभ्यर्थियों 16000 से लेकर 32000 रुपये तक वेतन का ऑफर मिला है। अर्चना देवी, अभिषेक सिंह, प्रखर तिवारी, आशुतोष सिंह, मनीष कुमार, मयंक जायसवाल, सूरज सिंह पाल, रवि कुमार, रवि शंकर, संजय कुमार का चयन सेवायोजन विभाग के जरिए किया गया है। जबकि, सिमरन अग्रवाल, मोनी देवी, शिवम सिंह, स्वामी वर्मा और माही सिंह को उप्र कौशल विकास मिशन, आईटीआई के जरिए चयनित किया गया है। शेष चयनित अभ्यर्थियों को विभाग के अधिकारी नियुक्ति पत्र देंगे।

जनसभा में 30 बैंकों के प्रतिनिधि 5027 लोगों को ऋण देंगे। 50 कंपनियां एक हजार युवाओं को रोजगार देंगी। मेले में कंपनी और बैंक अपने-अपने स्टॉल भी लगाएंगे। मेडिकल कॉलेज समेत 65 संस्थानों के आठ हजार से ज्यादा युवाओं को टैबलेट दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री के आगमन से एक दिन पहले बुधवार को बारिश की वजह से जीआईसी ग्राउंड में जलभराव हो गया।

राजकीय इण्टर कॉलेज

जीआईसी ग्राउंड पर भरे बारिश के पानी को कुछ इस तरह से निकाला गया।

मंच पर बैठेंगे विधानसभा अध्यक्ष समेत 28 विशिष्टजन

कानपुर। जीआईसी में जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मंच पर 28 विशिष्टजन बैठेंगे। इनमें विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राकेश सचान, नितिन अग्रवाल, अजीत सिंह पाल, प्रतिभा शुक्ला, सांसद रमेश अवस्थी, देवेंद्र सिंह भोले, अशोक रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, महापौर प्रमिला पांडेय के साथ ही सभी विधायक मंच पर मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री 725 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इनमें सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के सिर्फ 25.67 करोड़ के काम हैं। इसमें 104 शिलान्यास और 06 लोकार्पण हैं।

लोकार्पण और शिलान्यास पर नजर

विभाग	लोकार्पण	शिलान्यास
नगर निगम	2528.90 लाख	3985.65 लाख
केडीए	9987	864
जलनिगम	2796.34	
डूडा	1225.91	
अन्य विभाग	15726.98	35418.33
कुल	31039.22	41493.89

सीएम का मिनट-टू-मिनट प्रोग्राम

- 11 बजे सीएम पुलिस लाइन हेलीपैड पर आएंगे
- 11:10 बजे राजकीय इंटर कॉलेज ग्राउंड पहुंचेंगे
- 12:30 बजे तक टैबलेट वितरण, ऋण वितरण करेंगे
- 12:35 बजे मर्चेंट चेम्बर सभागार पहुंचेंगे
- 1:15 बजे तक जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे
- 1:45 बजे तक आरक्षित रखा गया है
- 1:50 बजे नवीन सभागार सरसैय्या घाट में पहुंचकर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे
- 2:20 बजे नवीन सभागार से पुलिस लाइन को रवाना
- 2:30 बजे सीएम पुलिस लाइन हेलीपैड से रवाना होंगे

लाल इमली चौराहे पर पेंटिंग करता कर्मी।

सभा के पहले भाजपाइयों का सीसामऊ सीट पर मंथन

कानपुर। मुख्यमंत्री की गुरुवार को जीआईसी में होने वाली सभा के पहले भाजपाइयों ने बुधवार को नवीन मार्केट स्थित पार्टी कार्यालय में सीसामऊ विसक्षेत्र के उपचुनाव पर मंथन किया। इसमें सीसामऊ सीट पर सोलंकी परिवार से लगातार 25 साल से हार का बदला लेने के लिए जिताऊ उम्मीदवारों पर मंथन किया गया। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि जीआईसी के कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री मर्चेंट चैंबर हॉल में सीसामऊ विस क्षेत्र के संगठन की बैठक लेंगे। इसमें सभी बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रवासी, वार्ड अध्यक्ष, तीनों मंडलों के अध्यक्ष मंडल प्रवासी, मंडल प्रभारी, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष, मोर्चों के मंडल अध्यक्ष, जिला, क्षेत्र, प्रदेश के पदाधिकारी, सांसद, महापौर शामिल होंगे। यहां जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, सांसद रमेश अवस्थी, विधायक सुरेंद्र मैथानी, नीलिमा कटियार, एमएलसी सलिल विश्नोई, मानवेंद्र सिंह, रघुनंदन भदौरिया आदि रहे।

> मुख्यमंत्री साढ़े तीन घंटे तक शहर में रहेंगे। वह गोविंदपुरी स्टेशन भी जा सकते हैं। अभी तक कोई निर्धारित शेड्यूल नहीं है। जीआईसी मैदान में जनसभा के दौरान टैबलेट, नियुक्त पत्र, ऋण और लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।
> – राकेश कुमार सिंह, डीएम

मैथानी करेंगे मेडिकल कॉलेज को इंस्टीट्यूट बनाने की मांग

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट बनाने की मांग गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने की है। इसका प्रस्ताव भी विधायक ने बनाया है, जोकि गुरुवार को शहर आ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देंगे। विधायक ने बताया कि 18 जिलों के इलाज की जिम्मेदारी मौजूदा समय में मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत हैलट पर है। पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट बनने से बड़े-बड़े रिसर्च के अलावा जटिल बीमारियों के इलाज में और आसानी होगी।

पंज तख्त साहिब यात्रा आज आएगी, संगत करेगी दर्शन

कानपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पंज तख्त स्पेशल ट्रेन तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ (महाराष्ट्र) से रविवार को रवाना हुई थी, जो गुरुवार को कानपुर गोविंदपुरी स्टेशन पहुंच रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसमें शामिल पालकी साहिब के सामने मत्था टेकने जाना था पर ट्रेन के सिर्फ 20 मिनट के स्टॉपिज और शहर में जाम की स्थिति को देखते हुए इसे निरस्त कर दिया गया।

पंज तख्त स्पेशल ट्रेन गुरुवार को गोविन्द पुरी रेलवे स्टेशन पर दोपहर 1:20 मिनट पर पहुंचेगी। श्री गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया एवं पंज प्यारों की अगुवाई में विशाल नगर कीर्तन के रूप में वहां पहुंच रही है, जिसके दर्शन संगत भी कर सकेगी। श्री गुरु सिंह सभा ट्रेन में शामिल संगत को लंगर की व्यवस्था करेगी। ट्रेन कम समय रुकेगी इसलिए लंगर संगत को दे दिया जाएगा।

कार्यक्रम निरस्त किया

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियां भी पूरी कर ली गई थीं। पुलिस कमिश्नर अखिलेश कुमार और जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह तैयारियों का जाएजा लेने पहुंचे थे। ट्रेन के सीमित समय के स्टॉपेज, सही समय पर ट्रेन के आने की चुनौती और शहर में जाम की स्थिति को देखते हुए कार्यक्रम को निरस्त कर दिया गया। श्री गुरु सिंह सभा, लाटूश रोड के प्रधान सरदार हरविंदर सिंह लार्ड ने बताया कि ट्रेन संभवत: 20 मिनट ही रुकेगी।

संगत लेगी आशीर्वाद

सामान्य संगत भी श्री गुरु ग्रन्थ साहिब का आशीर्वाद प्राप्त करेगी। गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन पर दो स्क्रीन का भी इंतजाम होगा। अजीत सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सिख फाउंडेशन भी इसका स्वागत करेगी।

मुख्यमंत्री जी ! दंगा पीड़ितों को मुआवजा दिला दीजिए

कानपुर, वरिष्ठ संवाददाता। श्री गुरु सिंह सभा कानपुर महानगर के चेयरमैन और पूर्व एमएलसी सरदार कुलदीप सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख 1984 के सिख दंगा पीड़ितों को 2017 में अदालत में हुए निर्णय के अनुसार मुआवजे का निस्तारण करने की मांग की है। सात साल पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अफसरों ने मुआवजे का नया पैकेज लाने का आश्वासन दिया था। सभा महानगर के चेयरमैन ने अंतिम बार 2023 में गोरखपुर में मुख्यमंत्री से मिलकर अधिकारियों के स्तर से बरती जा रही उदासीनता की शिकायत की थी। चेयरमैन का कहना है कि तब मुआवजा निस्तारण में तेजी आई पर बाद में अफसर फिर बैठ गए। सीएम को पत्र लिख मुआवजे प्रकरण को दोहराया है।

मुआवजा देने में केंद्रीय दिशा निर्देशों का पालन नहीं

चेयरमैन के अनुसार, संपत्ति के मामलों में तत्कालीन प्रदेश सरकार ने मुआवजा देने में केंद्रीय दिशा निर्देशों का पालन नहीं किया। 1996 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने संपति का आकलन कर मुआवजा देने के आदेश दिए पर आदेश पर सरकार ने अमल नहीं किया। यहां तक कुलदीप वोरा पैकेज को भी नहीं माना। इसके तहत संपति नुकसान 50 हजार से कम पर एक लाख और एक लाख से अधिक पर एक लाख दिया जाना था। केंद्र ने बाद में 716 करोड़ का विशेष बजट दिया। इसमें पूर्व में दी गई मुआवजा राशि को 10 गुना कर दिया जाना चाहिए था पर इसका पालन नहीं हो सका।

बैंक ऑफ इण्डिया
Bank of India BOI
Zonal office, Premises Department, 3rd floor, Star House,
Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow
Email : lucknow.premises@bankofinida.co.in
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
बैंक ऑफ इंडिया ने आर एस ई टीआई मोहनलाल गंज, लखनऊ में चार दीवारी के निर्माण के लिए पुन: निविदा आमंत्रित की है। विस्तृत पूर्व योग्यता मानदंड और निविदा दस्तावेज निम्नलिखित वेबसाइट www.mstcecommerce.com/eproc/ और www.bankofindia.co.in पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 18.09.2024 अपराह्न 03:00 बजे तक है। कोई भी शुद्धिपत्र उन्हीं वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।
आंचलिक कार्यालय
लखनऊ अंचल

खाते से ढाई लाख उड़ाए, रिपोर्ट दर्ज

कानपुर। कलक्टरगंज दाल मंडी निवासी सुभाष ने फोन से सिम चोरी कर खाते से रुपये निकालने के आरोप में रिपोर्ट कराई है। पीड़ित के मुताबिक वह चाट का ठेला लगाता है। प्रिंस चौरसिया ने मोबाइल मांगा। सिम चोरी कर खाते से 2.50 लाख पार कर दिये।

नवाबगंज थानाप्रभारी समेत नौ के खिलाफ परिवाद दर्ज

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। नवाबगंज पुलिस की ओर से गांजे के साथ पकड़े गए बदमाश की पत्नी के प्रार्थनापत्र पर सीजेएम सूरज मिश्रा ने नवाबगंज थानाप्रभारी समेत नौ के खिलाफ परिवाद दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश पर गंगा बैराज चौकी इंचार्ज विपिन कुमार, पांडु नगर चौकी के एसआई राहुल शुक्ला, गंगा बैराज चौकी के सिपाही हिम्मत सिंह और पांच अन्य के खिलाफ मामला दर्ज होगा। अगली सुनवाई एसीजेएम प्रथम की अदालत में 20 सितंबर को होगी। पांडुनगर निवासी राधा कश्यप ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें कहा गया कि नवाबगंज थाने की पुलिस 15 अक्तूबर 2023 को उसके पति विनोद कश्यप व देवर सौरभ को उठा ले गई थी। उन्हें छोड़ने के लिए दो लाख रुपये की मांग की गई थी। सदमे में पिता की मौत हो गई।

आईआईटी में स्पेस साइंस की भी पढ़ाई

- स्नातक में ज्वाइंट डिग्री कोर्स होगा शुरू
- अभी माइनर कोर्स के रूप में हो रही है पढ़ाई

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। आईआईटी कानपुर में अब स्पेस साइंस की भी पढ़ाई होगी। अगले सत्र से स्नातक में स्पेस साइंस में ज्वाइंट डिग्री कोर्स शुरू करने की तैयारी है। अभी यह विषय स्नातक में माइनर कोर्स के रूप में पढ़ाया जा रहा है। स्नातक में मुख्य विषय के रूप में न होकर वह ज्वाइंट डिग्री कोर्स के रूप में शुरू किया जाएगा।

आईआईटी के वैज्ञानिक अंतरिक्ष के रहस्यों को सुलझाने के लिए टीम बनाने की तैयारी में हैं। अब आईआईटी में डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस, प्लैनिटेरी एंड एस्ट्रानामिकल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग सेंटर भी संचालित हो रहा है। जिसमें परास्नातक और पीएचडी के कोर्स संचालित हैं।

स्नातक में माइनर कोर्स के रूप में स्पेस साइंस का कोर्स चल रहा है। पीएचडी में 20 और एमटेक में 8 छात्र हैं। एमटेक इसी साल से शुरू किया गया। स्नातक में माइनर के रूप में संचालित स्पेस साइंस में 34 छात्र हैं। स्नातक में मुख्य विषय में शुरू करने के लिए शिक्षकों की संख्या पूरी नहीं है।

15 शिक्षकों की जरूरत: स्नातक में विषय संचालित करने के लिए 15 शिक्षकों की जरूरत है, जबकि अभी मात्र छह शिक्षक ही हैं। शिक्षक भर्ती के बाद ही कोर्स स्नातक में शुरू किया जाएगा। प्रो. पंकज जैन ने बताया कि जल्द ही स्पेस साइंस में स्नातक ज्वाइंट डिग्री प्रोग्राम शुरू किया जाएगा।

JKcement
जे.के. सीमेन्ट लिमिटेड
सीआइएन L17229UP1994PLC017199
पंजीकृत कार्यालय कमला टावर, कानपुर-208001, उ.प्र. टेलीफोन +91 512 2371478/81 फैक्स +91 512 2399854
ईमेल shambhu.singh@jkcement.com वेबसाइट www.jkcement.com

डाक मतपत्र सूचना

जे.के. सीमेण्ट लिमिटेड ('कंपनी') के सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनीज एक्ट, 2013 (**अधिनियम**) की धारा 108 एवं 110 व अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत सपठित कंपनीज (मैनेजमेंट व एडमिनिस्ट्रेशन) नियम 2014 के नियम 20 और 22 सपठित सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल 2020 व सामान्य परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 22/2020 दिनांक 15 जून 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 33/2020 दिनांक 28 सितम्बर 2020 व सामान्य परिपत्र संख्या 39/2020 दिनांक 31 दिसम्बर 2020, तथा सामान्य परिपत्र संख्या 10/2021 दिनांक 23 जून, 2021, व सामान्य परिपत्र संख्या 20/2021 दिनांक 08 दिसम्बर, 2021, व सामान्य परिपत्र संख्या 03/2022 दिनांक 05, मई 2022 और सामान्य परिपत्र संख्या 11/2022 दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 तथा सामान्य परिपत्र संख्या 09/2023 दिनांक 25, सितम्बर 2023 जो कि कारपोरेट के मामले भारत सरकार द्वारा जारी (**MCA Circulars**) और कम्पनी अधिनियम 2013 के तहत बनाये गये लागू नियम जिसमें समय-समय पर लागू अन्य कोई वैधानिक संसोधन या पुनः अधिनियमन शामिल हैं, के अन्तर्गत कंपनीज एक्ट 2013 सिक्यूरिटीज व एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इण्डिया (लिस्टिंग आब्लीगेशन व डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट) रेगुलेशन 2015 (**SEBI लिस्टिंग रेगुलेशन**) व समय-समय पर लागू अन्य संबंधित वैधानिक पत्र, संशोधन, पुर्नलागू के अन्तर्गत रेगुलेशन 44 लिस्टिंग रेगुलेशन व धारा 108 व 110 अधिनियम के अन्तर्गत व तदानुसार **M.C.A.** के नियमानुसार कम्पनी, निम्न लिखित आइटम जो कि डाक मत पत्र सूचना दिनांक 23 अगस्त, 2024 में नोट अधिनियम की धारा 102 के अंतर्गत (नोटिस) के माध्यम से इलेक्ट्रानिक माध्यम से कम्पनी के सदस्यों की स्वीकृति, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से चाहती है।

विशेष प्रस्तावों का विवरण

1. कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ़ एसोसिएशन में संशोधन को मंजूरी देना।

2. कंपनी के आर्टिकल ऑफ़ एसोसिएशन में संशोधन को मंजूरी देना।

3. श्री अजय कुमार सरावगी (डीआईएन: 00130805) को कंपनी के उप प्रबंध निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के रूप में पुनः नियुक्ति।

M.C.A. परिपत्रों के अनुसार, कंपनी ने बुधवार, दिनांक 28 अगस्त, 2024 को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (सिर्फ ईमेल के माध्यम से) उन समस्त सदस्यों को सूचना जिनके ई-मेल पते कंपनी में पंजीकृत हैं या डिपाजिटर्स/डिपाजिटरी प्रतिभागी या कंपनी के रजिस्टर व ट्रान्सफर एजेंट यानि एनएसडीएल डेटाबेस मैनेजमेण्ट लिमिटेड (NDML) और सेन्ट्रल डिपाजिटरी सर्विसेज जिनके नाम सदस्यों के रजिस्टर/बेनीफिशियल स्वामी की सूची में दर्ज है जो सेन्ट्रल डिपाजिटरी सर्विसेज (इण्डिया) लिमिटेड (CDSL) में सोमवार 26 अगस्त, 2024 कट-ऑफ डेट तक जो कि दूरस्थ ई-वोटिंग के लिये मान्य है भेजी जा चुकि है। किसी प्रकार की जानकारी के लिये सदस्य shambhu.singh@jkcement.com या evoting@nsdl.com पर संपर्क कर सकते हैं।

जिन सदस्यों के पास इलेक्ट्रॉनिक होल्डिंग है, वे अपना ई-मेल पता स्थाई रूप से पंजीकृत कराने के सम्बन्ध में अपने डिपाजिटरी पार्टीसिपेण्ट्स को ई-मेल भेज कर पंजीकृत करा सकते हैं और भौतिक होल्डिंग के सम्बन्ध में नोटिस में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करके पंजीकरण करें।

निदेशक मंडल द्वारा श्री एस.के. गुप्ता प्रेक्टिसिंग कंपनी सचिव (FCS 2589) और सुश्री दिव्या सक्सैना प्रेक्टिसिंग कंपनी सचिव (FCS 5639) को डाक मत पत्र की प्रक्रिया को निष्पक्ष व पारदर्शी बनाने के लिये स्क्रूटिनाइजर नियुक्त किया है। संबंधित अधिनियम SEBI लिस्टिंग रेगुलेशन व M.C.A. परिपत्रों के अनुसार कंपनी ने रिमोट ई-वोटिंग सुविधा के लिए NSDL की सेवायें ली हैं।

कंपनी के सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित व अनुरोध किया जाता है कि

क) सदस्यगण जिनके पास फिजिकल शेयर या डिमेटेरियलाइज्ड रूप में है वे केवल रिमोट ई वोटिंग द्वारा मतदान करेंगे। M.C.A. परिपत्रों के अनुसार, सूचना की हार्ड प्रति, डाक मत पत्र समेत व स्वयं संबोधित पोस्टज शुल्क व लिफाफे समेत नहीं भेजी जायेगी। सदस्यों की सहमति, असहमति या अनुपस्थति प्रस्ताव पर केवल रिमोट ई वोटिंग प्रणाली द्वारा M.C.A. परिपत्रों के अनुसार की जायेगी।

ख) **रिमोट ई वोटिंग रविवार, 01 सितम्बर, 2024 को प्रातः 9:00 बजे से शुरु होगी।**

ग) **(रिमोट ई वोटिंग सोमवार, 30 सितम्बर, 2024 सायं 5:00 बजे (IST) समाप्त होगी)।** ई वोटिंग की सुविधा इसके उपरान्त समाप्त हो जायेगी। कृपया ध्यान रहे कि वोटिंग पीरियड के बाद दिये गये वोट अवैध माने जायेंगे।

घ) सदस्यगण वोटिंग पीरियड से समय इलेक्ट्रानिक तरीके से वेबसाइट www.evoting.nsdl.com और अपने यूजर आईडी व पासवर्ड को लॉग इन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी/विधि डाक मत पत्र द्वारा रिमोट ई वोटिंग की सूचना के नोट के साथ दी गई है।

च) सदस्यों का वोटिंग अधिकार उनके पेडअप इक्वीटी शेयर पूंजी के अनुपात के आधार पर कंपनी के कटआफ डेट के अनुसार होगा। किसी भी व्यक्ति के उपरोक्त तिथि पर सदस्य न होने पर सूचना केवल एक जानकारी मानी जायेगी।

छ) चेयरपर्सन या कोई निदेशक या चेयरपर्सन द्वारा अधिकृत कम्पनी सेक्रेटरी वैधानिक समय सीमा में डाक मत पत्र का परिणाम घोषित करेगा। परिणाम स्क्रूटिनाइजर की रिपार्ट के साथ कंपनी के वेबसाइट जैसे www.jkcement.com, www.evoting.nsdl.com स्टॉक एक्सचेंज www.bseindia.com व www.nseindia.com डिपाजिटरी के वेबसाइट पर पोस्ट की जायेगी। कंपनी परिणाम अपने पंजीकृत कार्यालय में भी डिस्पले करेगी।

ज) किसी सदस्य के सूचना प्राप्त न होने की स्थिति में वह ई मेल shambhu.singh@jkcement.com को करें या evoting@nsdl.com अथवा को लिखें या कंपनी की वेबसाइट www.jkcement.com या www.evoting.nsdl.com से सूचना डाउनलोड करें।

झ) ई.वोटिंग की प्रक्रिया को समझने के लिए सदस्यों से अनुरोध है कि वे नोटिस के नोट्स को पढ़ें या वे www.evoting.nsdl.com पर FAQs देख सकते हैं या NSDL से टोल.फ्री नंबर: 022-4886 7000 और 022- 2499 7000 पर संपर्क कर सकते हैं या evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेज सकते हैं।

ट) किसी भी शिकायत या प्रश्न के लिए सदस्य श्री शंभू सिंह कंपनी सचिव को shambhu.singh@jkcement.com पर या NDML को लिख सकते हैं।

कृते जे. के. सीमेण्ट लिमिटेड
शम्भू सिंह
उपाध्यक्ष एवं कम्पनी सचिव
आईसीएसआई मेम्बरशिप सं0 एफसीएस 5836

स्थान: कानपुर
दिनांक 28 अगस्त 2024

EIGHT DECOR
MODERN InteriorDesign
Exclusive Collection of
- DECOR
- VENEERS
- PLYWOOD
- FLOORING
- LAMINATES
- WALLPANELS

EIGHT TRADING COMPANY
84/54, Plot No. 37, Singh Engineering Compound,
Jarib Chowki, Kanpur-208013
Mob. : 9936337700, 8090388885

श्री गणेश नमकीन
ऐसी शुद्धता एवं स्वाद और कहाँ!
Crunchy & Crispy Namkeen
Shree Shyam Namkeen Pvt. Ltd.
व्यापारिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें : 9450336848

शहर 30s

विद्यालय 'संसद' का किया गया गठन

कानपुर। डीपीएस बर्रा ने बुधवार को अलंकरण वितरण समारोह हुआ। विद्यालय संसद का गठन किया गया जिसमें अनुशासन मंत्रालय, पर्यावरण मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्रालय, रंगारंग मंत्रालय और यातायात मंत्रालय का गठन किया गया। इसमें हर मंत्रालय में सचिव और दो-दो सदस्य नियुक्त किए गए। मुख्य अतिथि सीजीएसटी और सेंट्रल एक्साइज ज्वाइंट कमिश्नर शशि शेखर ने संसद के प्रतिनिधि विद्यार्थियों को बैज लगाए।

सांसद निधि से मलिन बस्तियों में लगेंगी लाइटें

कानपुर। सांसद रमेश अवस्थी ने सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के ग्वालटोली में दलित बस्ती महर्षि वाल्मीकि नगर में जन सेवा चौपाल लगाई। यहां समस्याओं को सुनकर तत्काल निवारण के निर्देश दिए। रमेश अवस्थी ने कहा कि सीसामऊ उपचुनाव प्रत्याशी कोई जाति विशेष का नहीं बल्कि हिन्दू होगा। कर्मचारी नेता सीएल बढ़ेल ने जन समस्याओं का ज्ञापन दिया।

युग दधीचि देहदान अभियान में 286वीं आहुति दी

कानपुर। युग दधीचि देहदान अभियान में बुधवार को 286वीं आहुति फतेहपुर में पूरी हुई। अभियान प्रमुख मनोज सिंह सेंगर ने बताया कि साकेत नगर निवासी 83 वर्षीय उमा श्रीवास्तव का देहांत हो गया था। उनके बेटे आलोक श्रीवास्तव ने उन्हें जानकारी दी थी। स्व. उमा श्रीवास्तव की देह फतेहपुर मेडिकल कॉलेज को दान कर दी गई।

कमल किशोर बने श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष

कानपुर। श्री अग्रवाल सभा के त्रैवार्षिक चुनाव में कमल किशोर अग्रवाल को अध्यक्ष बनाया गया। रामबाबू अग्रवाल को महामंत्री, आलोक अग्रवाल को मंत्री, प्रेम प्रकाश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। मार्गदर्शक मंडल में प्रकाश चंद्र अग्रवाल समेत 41 कार्यकारिणी सदस्यों को चुना गया।

कैंसर से बचाव के प्रति जागरूक किया

कानपुर। रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स और मां भगवती मेमोरियल चैरिटेबल ने बुधवार को कैंसर और मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला की। जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, विकास नगर में कार्यशाला में छात्राओं को मासिक धर्म से होने वाली समस्याओं के प्रति जागरूक किया। डॉ. ज्योति सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. संतराम द्विवेदी, मयंक गर्ग, राजीव कटियार रहे।

लाखों रुपये की चोरी, भतीजे संग दो पर रिपोर्ट

कानपुर। हरबंसमोहाल दानाखोरी निवासी आशीष कुमार राठौर के मकान का ताला तोड़कर चोरों ने 1.42 लाख व लाखों रुपये के गहने चुरा लिए। पीड़ित के मुताबिक 27 अगस्त को वह और पत्नी घर पर नहीं थे। दो बजे करीब बच्चे स्कूल से आए तो अलमारी टूटी पड़ी थी। सामान बिखरा था। अलमारी में रखे 1.42 लाख रुपये व लाखों रुपये के गहने थे। पीड़ित ने भतीजे शिवा और मुहल्ले के रहने वाले राज के खिलाफ चोरी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है।